[भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग 2, खंड 3, उपखंड (i) में प्रकाशनार्थ]

**भारत सरकार**
**वित्त मंत्रालय**
**(राजस्व विभाग)**

**अधिसूचना सं0 13/2017-संघ राज्यक्षेत्र कर (दर)**

**नई दिल्ली, 28 जून, 2017**

सा0का0नि0.... (अ)- केंद्रीय सरकार, संघ राज्यक्षेत्र माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का 14) की धारा 7 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, परिषद् की सिफारिशों पर यह अधिसूचित करती है कि नीचे दी गई सारणी के स्तंभ (2) में वर्णित सेवाओं की पूर्ति के प्रवर्गों पर, जिनकी पूर्ति उक्त सारणी के स्तंभ (3) में यथाविनिर्दिष्ट व्यक्ति द्वारा की गई है, उक्त संघ राज्यक्षेत्र माल और सेवा कर अधिनियम की धारा 7 के अधीन उद्ग्रहणीय संपूर्ण संघ राज्यक्षेत्र कर का संदाय, उक्त सारणी के स्तंभ (4) में यथाविनिर्दिष्ट ऐसी सेवाओं के प्राप्तिकर्ता द्वारा प्रतिलोम प्रभार आधार पर किया जाएगा :--

**सारणी**

| क्र.सं. | सेवाओं की पूर्ति के प्रवर्ग | सेवा का पूर्तिकार | सेवा का प्राप्तिकर्ता |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1 | किसी माल परिवहन अभिकरण (जीटीए) द्वारा माल के सड़क द्वारा निम्नलिखित को परिवहन की बाबत सेवाओं की पूर्ति -<br>(क) कारखाना अधिनियम, 1948 (1948 का 63) के अधीन या उसके द्वारा किसी भी कारखाने को ; या<br>(ख) भारत के किसी भाग में सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का 21) या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन रजिस्ट्रीकृत किसी भी सोसाइटी को ; या<br>(ग) किसी विधि द्वारा या उसके अधीन स्थापित किसी भी सहकारी सोसाइटी को ; या<br>(घ) केंद्रीय माल और सेवा कर | माल परिवहन अभिकरण (जीटीए) | कराधेय राज्यक्षेत्र में अवसथित,--<br>(क) कारखाना अधिनियम, 1948 (1948 का 63) के अधीन या उसके द्वारा किसी भी कारखाने को ; या<br>(ख) भारत के किसी भाग में सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का 21) या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन रजिस्ट्रीकृत किसी भी सोसाइटी को ; या<br>(ग) किसी विधि द्वारा या उसके अधीन स्थापित किसी भी सहकारी सोसाइटी को ; या<br>(घ) केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम/ एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम/ राज्य माल और सेवा कर अधिनियम/ संघ राज्यक्षेत्र |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | अधिनियम/ एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम/ राज्य माल और सेवा कर अधिनियम/ संघ राज्यक्षेत्र माल और सेवा कर के अधीन रजिस्ट्रीकृत किसी भी व्यक्ति को ; या<br>(ड.) किसी विधि द्वारा या उसके अधीन स्थापित किसी भी निगमित निकाय को ; या<br>(च) किसी विधि के अधीन किसी भी भागीदारी फर्म को, चाहे रजिस्ट्रीकृत हो या नहीं, जिसके अंतर्गत व्यक्तियों का संगम भी है ; या<br>(छ) कोई आकस्मिक कराधेय व्यक्ति । | | माल और सेवा कर के अधीन रजिस्ट्रीकृत किसी भी व्यक्ति को ; या<br>(ड.) किसी विधि द्वारा या उसके अधीन स्थापित किसी भी निगमित निकाय को ; या<br>(च) किसी विधि के अधीन किसी भी भागीदारी फर्म को, चाहे रजिस्ट्रीकृत हो या नहीं, जिसके अंतर्गत व्यक्तियों का संगम भी है ; या<br>(छ) कोई आकस्मिक कराधेय व्यक्ति । |
| 2 | किसी व्यष्टिक अधिवक्ता, जिसके अंतर्गत कोई वरिष्ठ अधिवक्ता भी है द्वारा किसी कराधेय राज्यक्षेत्र, जिसके अंतर्गत वह स्थान भी है, जहां ऐसी सेवाओं के उपबंध के लिए कोई संविदा किसी अन्य अधिवक्ता या अधिवक्ताओं की किसी फर्म के माध्यम से की गई थी, में अवस्थित किसी कारबार असतित्व को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी न्यायालय, अधिकरण या प्राधिकरण के समक्ष प्रतिनिधित्व संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु या अधिवक्ताओं की किसी फर्म द्वारा किसी कारबार असतित्व को विधिक सेवाओं के माध्यम से उपलब्ध कराई गई सेवाएं । | कोई व्यष्टिक अधिवक्ता या अधिवक्ताओं की फर्म | कराधेय राज्यक्षेत्र में अवस्थित कोई कारबार असतित्व । |
| 3 | किसी माध्यस्थम् अधिकरण द्वारा किसी कारबार असतित्व को पूर्ति सेवाएं । | कोई माध्यस्थम् अधिकरण | कराधेय राज्यक्षेत्र में अवस्थित कोई कारबार असतित्व । |
| 4 | किसी भी निगमित निकाय या भागीदारी फर्म को प्रायोजितता के रूप में दी गई सेवाएं । | कोई भी व्यक्ति | कराधेय राज्यक्षेत्र में अवस्थित कोई निगमित निकाय या भागीदारी फर्म । |
| 5 | किसी कारबार असतित्व को केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार, संघ | केंद्रीय सरकार, | कराधेय राज्यक्षेत्र में अवस्थित कोई कारबार असतित्व । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | राज्यक्षेत्र या स्थानीय प्राधिकरण द्वारा पूर्तित सेवाएं, जिसके अंतर्गत निम्नलिखित नहीं हैं,-<br>(1) स्थावर संपतति को किराए पर देना ; और<br>(2) नीचे विनिर्दिष्ट सेवाएं-<br>(i) स्पीड पोस्ट, एक्सप्रेस पार्सल पोस्ट, जीवन बीमा और अभिकरण सेवाओं के रूप में डाक विभाग द्वारा केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार, संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन से भिन्न किसी व्यक्ति को दी गई सेवाएं ;<br>(ii) किसी पत्तन या किसी विमानपत्तन की प्रसीमाओं के भीतर या बाहर किसी वायुयान या जलयान के संबंध में सेवाएं ;<br>(iii) माल या यात्रियों का परिवहन । | राज्य सरकार, संघ राज्यक्षेत्र या स्थानीय प्राधिकरण | |
| 6 | किसी कंपनी या किसी निगमित निकाय के निदेशक द्वारा उक्त कंपनी या निगमित निकाय को पूर्तित सेवाएं । | किसी कंपनी या किसी निगमित निकाय का कोई निदेशक | कराधेय राज्यक्षेत्र में अवसथित कोई कंपनी या निगमित निकाय । |
| 7 | किसी बीमा अभिकर्ता द्वारा बीमा कारबार करने वाले किसी व्यक्ति को पूर्तित सेवाएं । | कोई बीमा अभिकर्ता | कराधेय राज्यक्षेत्र में अवसथित कोई व्यक्ति, जो बीमा कारबार कर रहा है । |
| 8 | किसी वसूली अभिकर्ता द्वारा किसी बैंककारी कंपनी या किसी वित्तीय संस्था या किसी गैर-बैंककारी वित्तीय कंपनी को पूर्तित सेवाएं । | कोई वसूली अभिकर्ता | कराधेय राज्यक्षेत्र में अवसथित कोई बैंककारी कंपनी या वित्तीय संस्था या गैर-बैंककारी वित्तीय कंपनी । |
| 9 | किसी लेखक, संगीतकार, फोटोग्राफर, कलाकार और उसी प्रकार के अन्य द्वारा प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम, 1957 | लेखक, संगीतकार, फोटोग्राफर, कलाकार | कराधेय राज्यक्षेत्र में अवसथित कोई प्रकाशक, संगीत कंपनी, निर्माता और उसी प्रकार के अन्य । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | की धारा 13 की उपधारा (1) के खंड (क) के अंतर्गत आने वाले मूल साहितियक, नाट्य, संगीत संबंधी या कला संबंधी कार्यों से संबंधित प्रतिलिप्यधिकार का किसी प्रकाशक, संगीत कंपनी, निर्माता और उसी प्रकार के अन्य द्वारा उपयोग या उपभोग का अंतरण करने या उसकी अनुज्ञा देने के रूप में सेवाओं की पूर्ति । | और उसी प्रकार के अन्य | |

स्पष्टीकरण–इस अधिसूचना के प्रयोजन के लिए,--

(क) कोई व्यक्ति, जो कराधेय राज्यक्षेत्र में सथित माल वाहक में सड़क द्वारा माल के परिवहन के लिए किराए का संदाय करने का दायी है, ऐसा व्यक्ति समझा जाएगा, जो इस अधिसूचना के प्रयोजनों के लिए सेवा प्राप्त करता है ।

(ख) ''निगमित निकाय'' का वही अर्थ है, जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2 के खंड (11) में उसका है ।

(ग) कराधेय राज्यक्षेत्र में अवसथित ऐसे किसी कारबार असतित्व को, जो यथासथिति, मुकदमेबाज, आवेदक या याची है, ऐसे व्यक्ति के रूप में माना जाएगा, जो इस अधिसूचना के प्रयोजन के लिए विधिक सेवाएं प्राप्त करता है ।

(घ) इस अधिसूचना में प्रयुक्त शब्दों और पदों का, जो इस अधिसूचना में परिभाषित नहीं हैं, किंतु केंद्रीय माल और सेवाकर अधिनियम, एकीकृत माल और सेवाकर अधिनियम और संघ राज्यक्षेत्र माल और सेवाकर अधिनियम में परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा, जो उन अधिनियमों में उनका है ।

2. यह अधिसूचना 1 जुलाई, 2017 से प्रवृत्त होगी ।

[फा0सं0 334/1/2017- टीआरयू]

(रुचि बिष्ट)
अवर सचिव, भारत सरकार